बॉट्स का उदय : एक नई दुनिया का आगाज़

drishtiias.com/hindi/printpdf/the-rise-of-the-bots

बॉट क्या हैं?

बॉट, स्वचालित रूप से काम करने हेतु बनाया गया एक कंप्यूटर प्रोग्राम है। मुख्य रूप से इसका प्रयोग इंटरनेट पर जानकारी इकट्ठा करने या दोहरावदार नौकरियाँ करने के लिये उपयोग किया जाता है।

ये अच्छे होते हैं या बुरे होते हैं?

हर तकनीक की तरह इस तकनीक के भी दो पक्ष हैं।

सकारात्मक पक्ष :

- बॉट का एक विशिष्ट लाभकारी उपयोग जानकारी इकट्ठा करना है। इस तरह के कार्यों में संलग्नित बॉट को वेब क्रॉलर कहा जाता है।
- इसका एक बेहतरीन पक्ष त्वरित संदेश भेजने, त्वरित रिले चैट करने अथवा अन्य वेब इंटरफेस के माध्यम से स्वचालित इंटरैक्शन करना है।
- इसके अलावा यह वेबसाइटों के साथ डायनेमिक इंटरैक्शन भी कर सकता है। इन सभी उपयोगों के कारण ही सकारात्मक प्रयोजनों के लिये इसका उपयोग किया जाता है।

नकारात्मक पक्ष

- बॉट को स्व-प्रचार वाले मैलवेयर के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो न केवल इसके मेज़बान को संक्रमित करता है बल्कि इसे वापस केंद्रीय सर्वर (central servers) से भी जोड़ता है।
- मैलवेयर बॉट न केवल पासवर्ड इकट्ठा कर सकते हैं, कुंजीस्ट्रोक को लॉग-इन कर सकते हैं, बल्कि वित्तीय जानकारी भी एकत्रित कर सकते हैं।
- इसके अतिरिक्त वायरस एवं वर्म्स के साथ-साथ स्पैम का भी प्रसारण कर सकते हैं।
- ट्विटर और फेसबुक पर स्वचालित खातों के संबंध में भी बॉट चर्चा का कारण बने हुए हैं। हालाँकि, इस प्रकार के सोशल प्लेटफार्मों पर बोट द्वारा गलत सूचना दिये जाने पर रोक लगाने के संबंध में प्रयास भी किये जा रहे हैं।

'अच्छे' बोट का उपयोग कैसे किया जा सकता है?

- पिछले कुछ समय से विभिन्न प्रकार के संगठनों और संस्थाओं द्वारा ग्राहक सेवा प्रदान करने तथा बिक्री एवं विपणन सेवाओं हेतु आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित बॉट के उपयोग में काफी तेज़ी आई है।

- बॉट एक नया एवं प्रभावकारी एप है। वर्ष 2021 तक तकरीबन 50% से अधिक उद्यम पारंपरिक मोबाइल एप डेवलपमेंट्स की तुलना में बोट और चैटबोट के निर्माण पर वर्तमान सालाना खर्च की तुलना में काफी अधिक खर्च किया जाएगा। ।
- एप्पल का सिरी, गूगल सहायक, अमेज़न का एलेक्सा और माइक्रोसॉफ्ट का कॉर्टाना बॉट के कुछ लोकप्रिय उदाहरण हैं।
- कुछ बैंकों द्वारा भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चैट बोट की शुरुआत की गई है जिनके माध्यम से बैंक द्वारा उपयोगकर्त्ताओं के साथ बातचीत करने के अलवा उनके सूचना-संबंधित प्रश्नों का उत्तर दिया जाता है।

यह कैसे पता किया जाए कि कंप्यूटर संक्रमित हो गया है?

ऐसे बहुत से लक्षण होते हैं जिनके द्वारा कंप्यूटर के संक्रमित होने की पहचान की जा सकती है:

- इंटरनेट का धीमी गति से कार्य करना अथवा बिना किसी स्पष्ट कारण के कंप्यूटर का क्रेश हो जाना।
- पॉप-अप विंडो और विज्ञापनों का उस समय प्रदर्शित होना जिस समय किसी भी वेब ब्राउज़र का उपयोग नहीं किया जा रहा है।
- आपके ई-मेल से संबद्ध लोगों द्वारा आपके अकाउंट से ऐसी ई-मेल प्राप्त होना जिन्हें आपके द्वारा नहीं भेजा गया है, इत्यादि ऐसे लक्षण हैं जिनके विषय में थोड़ी सावधानी बरतकर कंप्यूटर के संक्रमित होने की पहचान की जा सकती है।

इस संबंध में क्या सावधानियाँ बरती जानी चाहिये?

- इसके नकारात्मक प्रभावों से बचाव हेतु सिस्टम में एक अच्छे एंटी-मैलवेयर सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जाना चाहिये।
- इसके अलावा सभी प्रकार के सॉफ़्टवेयरों को समय-समय पर अपडेट भी किया जाना चाहिये तथा सिस्टम अपडेशन के विषय में कोई अनदेखी नहीं की जानी चाहिये।